# उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# (यूपीडा)

## बोर्ड की 66वीं बैठक की कार्यवृत्त।

दिनांक 15.06.2021

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी–13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
☎ 0522 2307592, 2307542 4004523 फैक्स: 0522 4013560

**यूपीडा निदेशक मण्डल की 66वीं बैठक दिनांक 15.06.2021 में एजेण्डा बिन्दु में लिपिकीय टंकण त्रुटि निवारण :–**

यूपीडा निदेशक मण्डल की बैठक में एजेण्डा बिन्दु संख्या–04 पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे पर आठ 'फ्यूल स्टेशन्स' स्थापित किये जाने हेतु 'ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों' के चयन के सम्बन्ध में चर्चा उपरान्त निर्णय कार्यवृत्त–753 पर कुछ अंश कम्प्यूटर टंकण में छूट गये थे, जिन्हें निम्नवत् सम्मिलित कर संशोधन उपरान्त जारी किया जा रहा है। कार्यवृत्त दिनांक 15.06.2021 को उक्त सीमा तक संशोधित माना जाये :–

**एजेन्डा बिन्दु संख्या–04:** **'पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे' पर आठ 'फ्यूल स्टेशन्स' स्थापित किये जाने हेतु 'ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों' के चयन के सम्बन्ध में।**

यूपीडा निदेशक मण्डल को निम्नवत् अवगत कराया गया:–

1– 'पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे' के निम्न आठ स्थानों पर 'फ्यूल स्टेशन्स' स्थापित किये जाने का प्राविधान किया गया है:–

(क) चैनेज 19+150 ग्राम–सराय पाण्डेय, कबूलपुर, जनपद–बाराबंकी
(ख) चैनेज 63+000 ग्राम–नेवाज, मोहना पश्चिम, जनपद–अमेठी
(ग) चैनेज 108+300 ग्राम–भरसडा, जनपद –सुल्तानपुर
(घ)चैनेज 144+300 ग्राम–निदुरा, बिरसिंहपुर, जनपद–सुल्तानपुर
(च)चैनेज 195+600 ग्राम–इमली महुआ, रेड़ा, जनपद–आजमगढ
(छ)चैनेज 230+900 ग्राम–किशुनदासपुर, गोधपुर, जनपद–आजमगढ
(ज)चैनेज 266+800 ग्राम–बरडीहा, जनपद–मऊ
(झ)चैनेज 310+450 ग्राम–सहावलपुर, महमूदपुर, जनपद–गाजीपुर

2– 'पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे' के उपरोक्त आठ स्थानों पर फ्यूल स्टेशन्स स्थापित करने हेतु सरकारी एवं निजी ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों से 'कम्पनी ओन्ड कम्पनी आपरेटेड' (कोको) पद्धति पर 'फ्यूल स्टेशन्स' स्थापित करने हेतु निविदायें आमंत्रित किये जाने के लिये निविदा अभिलेख (आर0एफ0क्यू0–कम–आर0एफ0पी0) 'निविदा मूल्यांकन समिति' के अनुमोदनोपरान्त ई–टेण्डर पोर्टल के माध्यम से दिनांक 11.12.2020 को प्रकाशित किया गया था।

3– प्रकाशित निविदा अभिलेख के क्रम में प्राप्त निविदाओं को 'निविदा मूल्यांकन समिति' की बैठक दिनांक 18.03.2021 में इच्छुक ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ऑनलाइन खोला गया था। तकनीकी प्रस्तावों के मूल्यांकनोपरान्त 'निविदा मूल्यांकन समिति' द्वारा प्राप्त सभी निविदाओं के तकनीकी प्रस्तावों को अर्ह पाते हुए उनके वित्तीय प्रस्ताव दिनांक 30.03.2021 को इच्छुक ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के प्रतिनिधियो की उपस्थिति मे ऑनलाइन खोला गया था।

4– 'निविदा मूल्यांकन समिति' की बैठक दिनांक 30.03.2021 में ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों द्वारा प्रस्तुत वित्तीय प्रस्तावों के अनुसार विभिन्न फ्यूल स्टेशन्स हेतु प्राप्त अधिकतम वित्तीय प्रस्ताव (29 वर्ष 11 माह हेतु मासिक लीज रेन्ट–जीएसटी सहित) प्रस्तुत करने वाली निम्नलिखित ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों को चयनित किये जाने की संस्तुति समिति द्वारा प्रदान की गयी थी:–

| क्र. सं. | फ्यूल स्टेशन का विवरण | ऑयल मार्केटिंग कम्पनी का नाम | प्रति माह लीज रेन्ट (जीएसटी सहित) (दो वर्ष मॉरेटोरियम अवधि के उपरान्त प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | चैनेज 19+150 ग्राम–सराय पाण्डेय, कबूलपुर, जनपद–बाराबंकी | मे0 इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0 | रु0 18,54,.000.00 (रुपये अट्ठारह लाख चौवन हजार) मात्र |
| 2 | चैनेज 63+000 ग्राम–नेवाज, मोहना पश्चिम, जनपद–अमेठी | मे0 भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि0 | रु0 7,50,000.00 (रुपये सात लाख पचास हजार) मात्र |
| 3 | चैनेज 108+300 ग्राम–भरसड़ा, जनपद –सुल्तानपुर | मे0 हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि0 | रु0 4,50,000.00 (रुपये चार लाख पचास हजार) मात्र |
| 4 | चैनेज 144+300 ग्राम–निदुरा, बिरसिंहपुर, जनपद–सुल्तानपुर | मे0 इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0 | रु010,79,000.00 (रुपये दस लाख उन्यासी हजार) मात्र |
| 5 | चैनेज 195+600 ग्राम–इमली महुआ, रेड़ा, जनपद–आजमगढ | मे0 रिलायन्स इन्डस्ट्रीज लि0 | रु0 6,03,000.00 (रुपये छः लाख तीन हजार) मात्र |
| 6 | चैनेज 230+900 ग्राम–किशुनदासपुर, गोधपुर, जनपद–आजमगढ | मे0 रिलायन्स इन्डस्ट्रीज लि0 | रु0 6,03,000.00 (रुपये छः लाख तीन हजार) मात्र |
| 7 | चैनेज 266+800 ग्राम–बरडीहा, जनपद–मऊ | मे0 इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0 | रु0 13,92,000.00 (रुपये तेरह लाख बानवे हजार) मात्र |
| 8 | चैनेज 310+450 ग्राम–सहावलपुर, महमूदपुर, जनपद–गाजीपुर | मे0 इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0 | रु0 18,54,.000.00 (रुपये अट्ठारह लाख चौवन हजार) मात्र |

5— 'निविदा मूल्यांकन समिति' द्वारा लिये गये उपरोक्त निर्णय एवं संस्तुति के क्रम में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित 'सचिव समिति' की बैठक दिनांक 29.04.2021 में विचारोपरान्त समिति द्वारा उपरोक्त अधिकतम निविदा प्रस्तुत करने वाली ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों को चयनित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया था।

**कार्यवाही / निर्णयः–** यूपीडा निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त तथ्यों से अवगत होते हुए 'निविदा मूल्यांकन समिति' की बैठक दिनांक 30.03.2021एवं 'सचिव समिति' की बैठक दिनांक 29.04.2021 में लिये गये निर्णयानुसार 'पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे' के आठ स्थानों पर फ्यूल स्टेशन्स स्थापित करने हेतु प्राप्त अधिकतम वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाली ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों को चयनित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान करते हुये शासन के सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने तथा अनुमोदनोपरान्त चयनित ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों को लेटर आफ अवार्ड जारी करने, उनके साथ अनुबन्ध निष्पादित करने तथा उन्हेंफ्यूल स्टेशन्स हेतु 'जहां है, जैसा है' आधार पर भूमि हस्तांतरित किये जाने हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी / अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा को अधिकृत किया गया।

(श्रीश चन्द्र वर्मा)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
यूपीडा।